# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 35 .3 डिग्री

न्यूनतम 16 .9 डिग्री


11 जनता ने भाजपा की नीतियों में विश्वास जताकर दिया तीसरी बार जनादेश : अशोक





12 करवा चौथ सुहागिनों ने सूर्य को अर्क देकर सुनी कथा




## खबर संक्षेप

### आदमपुर में डांडिया उत्सव कार्यक्रम 26 को

**आदमपुर।** आदमपुर में भारतीय युवा अग्रवाल विकास परिषद की ओर से दीवाली पर शनिवार 26 अक्टूबर को भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा। बैठक प्रधान अमित गोयल की अध्यक्षता में हुई। सचिव मुकेश गोयल व हेमंत कुमार ने बताया कि शाम सवा छह बजे हरियाणा ग्रीन्स में होने वाले कार्यक्रम में कस्बे के अनेक स्कूल व कालेजों के अलावा आरडी डांस ग्रुप हिसार व डी-थ्री डांस अकेडमी के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम में बैस्ट कपल, डांडिया क्वीन और स्मार्ट किड्स सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

### जान से मारने की धमकी देने पर एक नामजद

**आदमपुर।** गांव चबरवाल में एक माह पहले व्यक्ति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने एक को नामजद कर केस दर्ज किया है। गांव चबरवाल निवासी सुभाष ने बताया कि 23 सितंबर रात करीब साढ़े नौ बजे वह गांव के बस अड्डे पर गया हुआ था। वहां पर पहले से ही गांव निवासी रोबिन उर्फ रीना खड़ा था जिसने शराब पी हुई थी। आरोप है कि वह उसके साथ झगड़ा करने लगा और जब वह वहां से चलने लगा तो उसने उसे रोक लिया एवं उसके साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### किशनगढ़ गांव से आठ पाइप चोरी, केस दर्ज

**आदमपुर।** गांव किशनगढ़ में बरसाती पानी निकालने के लिए सिंचाई विभाग से लाए गए पाइपों में से आठ पाइप चोरी हो गए। पुलिस ने गांव की सरपंच की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किशनगढ़ की प्रियंका ने बताया कि उनके गांव में बरसाती पानी निकालने के लिए सिचाई विभाग से आठ इंची पाइपें लाई गई थी। पानी निकालने के बाद वे पाइप उठाने गए तो वहां से आठ पाइप चोरी हुए मिले। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

## हिंसा पीड़ित महिलाओं व बच्चों के लिए संजीवनी बूटी साबित हो रहे सुकून केंद्र

# जिला नागरिक अस्पताल के सुकून सेंटर में अब तक आए 614 केस

### काउंसलिंग कर महिलाओं एवं बच्चों को दिलवाई जा रही सहायता, छेड़छाड़, रेप मारपीट व घरेलू हिंसा से पीड़ितों की कर रहे मदद

राजेश्वर बैनीवाल/हिसार

हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसर्च सेंटर की पहल एवं हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए जिला के नागरिक अस्पतालों में स्थापित किए हुए सुकून सेंटर हिंसा से पीड़ित महिला एवं बच्चों के लिए संजीवनी बूटी साबित हो रहे हैं। यहां छेड़छाड़, मारपीट, जबरदस्ती, यौन उत्पीड़न, शोषण एवं घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिलाओं को अनेक सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही हिंसा से पीड़ित महिलाओं को विभिन्न सेवाएं प्रदान कर उनकी समस्या का समाधान करवाया जा रहा है।

### ये मिलती है सहायता

अपनी जानकारी देने या अपनी स्थिति बताने के लिए सुरक्षित माहौल, अपने अधिकारों के बारे बारे जानकारी, जरूरी डॉक्टरी जांच, पुलिस में शिकायत करनी के लिए पूरी जानकारी, मुफ्त कानूनी सलाह एवं सेवा के लिए मदद, अन्य सरकारी सेवाओं एवं सहायक नेटवर्क से संपर्क तथा जरूरत के अनुसार फॉलोअप जैसी सुविधाएं एवं सहायता मिलती है।

### यहां-यहां सुकून सेंटर

प्रदेश के 9 जिलों में सुकून सेंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें हिसार, अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कैथल, करनाल, पंचकूला, पानीपत, यमुनानगर आदि जिले शामिल हैं जहां हिंसा से पीड़ित महिला एवं बच्चों को सहायता मिलती है।

### इन महिलाओं की सहायता

पहले मामले के अनुसार हिसार जिला के एक गांव की रहने वाली महिला पति द्वारा घर ख़र्च न देने के कारण वह हताश रहती थी। उसने सोशल मीडिया पर घर बैठे पैसे कमाओ वाली ऐड को देखा तो उस पर संपर्क किया और उनके झांसे में आ गई। उसने गांव के ही किसी साहूकार से कर्ज पर 20 हजार रुपये लेकर कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से रूपये भेज दिए। बाद में पता चला कि ये तो फ्रॉड था। वह पुलिस चौकी में शिकायत के लिए गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई।

### तनाव में रहने लगी महिला

इस पर महिला तनाव मे रहने लगी और पति को कुछ बताना चाहा तो पति ने डांट लगा दी जिसका फायदा साहूकार ने उठाकर दो, तीन महीनों में 50 हजार रुपये मागने लगा। साहूकार ने महिला को डराया कि यदि रुपए नहीं दिए तो सभी बातें उसके पति को बता देगा। इस पर वह और ज्यादा डर गई और पैसे के लिए अपनी किडनी बेचने के लिए सिविल अस्पताल हिसार पहुंच गई।

### कर्मियों ने सुकून सेंटर भेजा

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने जब देखा तो उस महिला को सहायता के लिए सुकून केंद्र में भेज दिया। यहां महिला की काउंसलिंग की गई और उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए अंग न बेचने के लिए प्रेरित किया गया। उसके पश्चात जब महिला थाना एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से कोई सहायता ना मिली तो महिला की शिकायत पुलिस अधीक्षक हांसी को दर्ज करवाई गई और और महिला को वापिस सुरक्षित ससुराल भेजने में सहयोग किया।

### चला रहे अभियान

जिला नागरिक अस्पताल में कार्यरत जिला सुकून काउंसलर राहुल शर्मा अपनी ड्यूटी के साथ-साथ हरियाणा में युवाओं को नशा से बचाने व महिला हिंसा रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। इसके तहत वह विभिन्न स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, गांव व शहर आदि में जाकर आमजन को जागरूक कर रहे हैं। अब तक वे हजारों युवाओं व बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलवा चुके हैं।

### सुकुन में आए 614 केस

जिला सुकुन केन्द्र में मार्च 2022 से अक्टूबर 2024 तक कुल 614 मामले आ चुके हैं। इनमें घरेलू हिंसा के 224, यौनिक हिंसा के 150, मानसिक हिंसा के 230 व जहर पीड़ति के 10 मामले शामिल हैं।

### यहां स्थापित है सुकून केन्द्र

जिले के नागरिक अस्पताल में सुकून केन्द्र कमरा नंबर 24 में स्थापित किया गया है। यहां पर हिंसा पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों की काउंसलिंग की जाती है। काउंसलिंग के बाद काउंसलर उन्हें उचित जगह भेजते हैं।




हिसार। नागरिक अस्पताल में स्थापित सुकून केन्द्र

हिसार। नागरिक अस्पताल में स्थापित सुकून केन्द्र व काउंसलर राहुल शर्मा।

### जेठ ने लगा दिया गर्म हुक्का

इस महिला पर अत्याचार यहीं खत्म नहीं हुए। ससुरालजन उस पर निकलने का दबाव बना ही रहे थे कि एक दिन उसके जेठ ने उसको गर्म हुक्का की चिलम चिपका दी। महिला ने 112 नंबर पर पुलिस सहायता के लिए फोन किया तो मौके पर पुलिस आई और झगड़ा शांत किया। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। यहां प्रताड़ित महिला की काउंसलिंग की गई और उसे अन्य कानूनी जानकारी प्रदान करते हुए उपचार करवाने में सहयोग किया। जब प्रताड़ित महिला को महिला थाना हिसार से सहायता ना मिली तो सुकून केंद्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक हिसार के सहयोगी से संबंधित थाना से सहायता दिलवाई गई। सुकून केन्द्र की तरफ से महिला का उपचार, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता आदि दिलवाने में सहयोग किया गया जिस पर महिला के साथ हो रही घरेलू हिंसा रोकथाम में सफलता मिली।

### पति का निधन, पत्नी को निकालने लगे ससुरालजन

सुकून सेंटर में आए दूसरे मामले के अनुसार दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने हिसार के नजदीक एक निवासी युवक के साथ लव मैरिज एवं हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विवाह कर लिया था। कुछ वर्ष बाद उसके पति का आकस्मिक निधन हो गया था। ससुराल वाले उस पर घर से निकलने का दबाव बनाने लगे तो महिला बहुत हताश रहने लगी क्योंकि उसके माता-पिता कि पहले ही मृत्यु हो चुकी थी और उसके छोटे भाई बहन उसी के पास रह रहे थे। ससुराल में परिवार के सदस्य जब उस पर ज्यादा दबाव बनाने लगे तो उसने उसका विरोध किया तो परिवार के सदस्यों ने उसके साथ मारपीट की।

### लव मैरिज की और शुरू हो गई घरेलू हिंसा

सुकुन केन्द्र में आया चौथा मामला लव मैरिज के बाद घरेलू हिंसा का है। हिसार की एक कॉलोनी के रहने वाली लड़की ने अपने कॉलेज में साथ पढ़ने वाले दोस्त के साथ कोर्ट मैरिज कर लिया। शादी के कुछ महीने के बाद उसके पति को किसी प्रकार का रोजगार न मिलने के कारण उसे ऑनलाइन गेम खेलने की लत लग गई। इससे घरेलू हिंसा होना शुरू हो गई। जब उसका पति गेम में पैसे जीत जाता तो ख़ुश हो जाता और हार जाता तो वह अपनी पत्नी को बहुत मारता और धीरे-धीरे नशा करना भी सीख गया। इससे एक अच्छा खासा हंसता खेलता परिवार टूटने लगा। वह महिला सहायता के लिए सुकून केंद्र पहुंची जहां उसे उसके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और कानूनी व्यवहारिक सुरक्षा आदि की जानकारियां प्रदान कर उसका मनोबल बढ़ाया गया। यही नहीं, उसके पति का उपचार करवाने की सलाह दी गई ताकि परिवार ना टूटे।

### पति ने किया दुर्व्यवहार व मानसिक प्रताड़ित

सुकून केन्द्र में आया तीसरा मामला फतेहाबाद जिले का है। यहां एक शादीशुदा महिला बढ़ रहे घरेलू हिंसा एवं पति के द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के कारण मानसिक रूप से बहुत प्रताड़ित थी। इसी के चलते वह पिछले एक वर्ष से मायके रह रही थी। वह उपचार के लिए नागरिक अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में पहुंची तो अस्पताल में लगे हुए बोर्ड के माध्यम से सहायता के लिए सुकून सेंटर पहुंच गई। यहां महिला को काउंसलिंग के माध्यम से घरेलू हिंसा रोकथाम एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की और उसका आत्मविश्वास बढ़ाया गया। उसे अन्य कानूनी जानकारियां प्रदान की वहीं साथ ही मनरोग के उपचार के लिए मनोचिकित्सक से सलाह एवं दवाइयां लेने के लिए प्रेरित किया ताकि महिला के साथ बढ़ रही घरेलू हिंसा को रोका जा सके।

### इन बातों का ध्यान रखना जरूरी

काउंसलर राहुल शर्मा का कहना है कि महिला अपराध रोकथाम के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। ऐसे में कुछ सुझाव व टिप्स हैं, जिन पर अमल करना चाहिए। महिलाएं घरेलू हिंसा को चुपचाप सहन ना करें, यदि हिंसा से पीड़ित महिला का पारिवारिक समाधान नहीं होने पर महिला थाना या संबंधित सुकून केंद्र में आकर सहायता ले सकती है, सोशल मीडिया या अनजान लोगों से दोस्ती व शादी ना करें, 18 वर्ष से पहले शादी ना करें, हिंसा के समय घायल होने वाली महिलाएं अपना एमएलआर जरूर करवाएं, महिलाएं पुलिस हेल्पलाइन 112 या महिला हेल्पलाइन 1091 या सुकून सेंटर आकर सहायता लें, महिलाएं अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना करें, नाबालिक लड़के व लड़कियां सोशल मीडिया का दुरुपयोग ना करें, स्कूलों में पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को दिए गए टेब के सॉफ्टवेयर के साथ कोई छेड़खानी ना करें, माता-पिता व शिक्षक बच्चों को पोक्सो एक्ट की जानकारी दें।

## गोदाम से हजारों का सामान चोरी

**हांसी।** चोर रविवार अल सुबह मुल्तान कालोनी स्थित एक गोदाम से हजारों रुपए का बिजली का सामान चुराकर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर गोदाम मालिक सोनू की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सोनू बताया कि उसने मुल्तान कालोनी स्थित शांति वाटिका में अपना गोदाम बनाया हुआ है अज्ञात चोर रविवार अल सुबह 12:30 बजे गोदाम रखे सामान में से एक जूसर, एक स्टेपलाइजर, 18 बंडल बिजली फिटिंग की तार, तीन पंखे, पांच पेटी पेंट, एक रेडियो, 7-8 फैंसी लाइट, 10-12 पीतल की टूटियां व बिजली का अन्य सामान तथा एक बैग जिसमें उसके भाई अंशुल के सर्टिफिकेट व अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे चुराकर ले गए।



## धूमधाम से छठ महपर्व मनाएगा पूर्वांचल ट्रस्ट, पूर्व मंत्री आएंगे

**हिसार।** पूर्वांचल विकास मंच ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने छठ पूजा की तैयारियां शुरू कर दी है। पदाधिकारियों व सदस्यों ने छठ घाटों का निरीक्षण किया और आगामी पूजा को भव्य रूप से मनाने बारे बैठक की। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें आयोजन की तैयारियों और अतिथियों का चयन शामिल था। छठ पूजा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार, हिसार की विधायक सावित्री जिंदल सहित अन्य को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया। बैठक में पूर्वांचल विकास मंच ट्रस्ट के अध्यक्ष केपी गुप्ता, सचिव शंकर गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी सतीश कुमार, विनोद साहनी, सुरेश भगत, वीरेंद्र ठेकेदार, बाबू अमीरचंद पंकज गुप्ता, भाजपा पूर्वांचल के जिला संयोजक सुनील सिंह, जिला सह संयोजक संजय सिंह, दीपक, निरंजन, आकाश पासवान, निरंजन, मधुसूदन व नीरज पासवान आदि मौजूद रहे।

## संत नामदेव जयंती को लेकर बैठक 12 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन

**आदमपुर।** छिंपा समाज की बैठक संत नामदेव मंदिर में प्रधान गोलूराम की अध्यक्षता में हुई। इसमें 12 नवंबर को संत नामदेव जयंती धूमधाम से मनाने का फैसला लिया। विनोद ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा समाज के मेघावी विद्यार्थियों एवं 80 वर्ष से ऊपर के समाज बंधुओ को सम्मानित किया जाएगा। इस महीने सरकारी नौकरी लगने वाले युवा भी सम्मानित होंगे। प्रधान राजाराम पवार, राजेश गहलोत, अनिल कैथ, राजवीर कैथ, पृथ्वी रेंजर, महेंद्र सिरोया, राधेश्याम खैरमपुर, संजय छिंपा मौजूद रहे।

## बुगाना सोनू हत्याकांड: चौथे दिन भी पोस्टमार्टम नहीं, पुलिस के हाथ भी खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

क्षेत्र के गांव बुगाना में दुकानदार सोनू की दिनदहाड़े गोलियां मारकर हत्या किए जाने के मामले में अभी किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मृतक के परिजनों व अन्य ग्रामीणों का बहबलपुर बस अड्डे पर रविवार को दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरनारत लोगों ने सोमवार शाम तक गिरफ्तार न होने की हालत में सरकार का पुतला फूंकने का अल्टीमेटम दिया है। उधर, चौथे दिन भी शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया।

रविवार को पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला समेत अन्य लोग भी धरने पर पहुंचे। सभी ने एकजुट होकर कहा कि पहले आरोपी गिरफ्तार हो उसके बाद पोस्टमार्टम करवाएंगे और फिर धरना उठेगा। मृतक सोनू के परिजन व गांव के लोग दो दिनों से बहबलपुर बस स्टेंड पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं और उनकी मांग है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो, उसके बाद ही शव का पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार किया जाएगा।



**एसएचओ से की बात:** शाम को सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार धरने पर पहुंचे। कमेटी के सदस्यों से बातचीत की व हत्याकांड के बारे में बताया कि आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई तेज की हुई है। आरोपियों को पकड़ने में समय लगता है।

**धरना जारी रहेगा:** मास्टर देशराज ने कहा कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते तब तक धरना जारी रहेगा। एचएचओ सुरेंद्र ने कहा कि जल्द ही आपको इसके परिणाम मिलेंगे और सभी आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

### पुतले जलाने की चेतावनी

मास्टर देशराज ने तीखे तेवरों में चेतावनी दी कि सोमवार शाम 4 बजे तक का वक्त दिया है गिरफ्तार कर लीजिए नहीं तो हम सरकार के खिलाफ पुतले जलाएंगे। थाना प्रभारी सुरेंद्र ने आश्वासन दिया की चिंता मत कीजिए मैं जो भी प्रॉमिस करूंगा उस पर खरा उतरूंगा पहले भी मैं जब यह घटनाक्रम हुआ था उस वक्त भी आपको बोला था, आज भी कह रहा हूं इस वारदात में शामिल सभी आरोपियों को काबू करेंगे लेकिन कड़ी से कड़ी जोड़कर ही आरोपियों तक पहुंच पाएंगे।

### सद्भावना कमेटी का गठन


पूर्व सरपंच धर्मपाल बागड़ी ने कहा कि मृतक सोनू को इंसाफ दिलाने के लिए आंदोलन की दिशा गलत ना हो जाए इसको लेकर धरने के दूसरे दिन सद्भावना कमेटी का गठन किया गया। रोजाना नए अध्यक्ष बनेगा। तालमेल कमेटी प्रशासन से सोनू हत्याकांड मामले में बातचीत करेगी। रविवार को करवा चौथ व्रत पर मृतक सोनू के परिवार को समर्थन देने के लिए करवा चौथ न मनाने का निर्णय लिया।

## बढ़ती चोरियों से गुस्साएं दुकानदारों ने मंत्री को दिखाए टूटे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

शहर में बढ़ रही चोरियों से दुकानदार इन दिनों खासे परेशान है। परेशान दुकानदारों ने चोरों द्वारा तोड़े गए ताले कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को दिखाए और कहा कि उन्हें तो सुबह आने व दुकान खोलने के नाम से ही डर लगने लगा है। मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

हांसी रोड के दुकानदारों का कहना है कि पिछले एक महीने में 20 दुकानों के ताले टूट चुके हैं। दुकानदार एसएचओ से मिले थे और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी दिखाई। एसएचओ ने कहा कि मैं इस चोर को जानता हूं, मगर फिर भी पुलिस ने इस चोर को नहीं पकड़ा। पुलिस ने कहा कि अभी 3 से 4 दिन हम वीआईपी ड्यूटी में व्यस्त हैं, बाद में आराम से इस चोर को पकड़ लेंगे। पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान होकर दुकानदार दुकानों के टूटे हुए ताले लेकर मंत्री के पास पहुंच गए और उनको ताले गिफ्ट किए और कहा कि हमारी फरियाद सुनी जाए।



बरवाला। दुकानदारों द्वारा मंत्री रणबीर गंगवा को दी गई चोरी की शिकायत।

### पुलिस पर चोरों को संरक्षण देने का आरोप

बरवाला के दुकानदारों ने मंत्री को टूटे हुए ताले दिखाए तो मंत्री चौक गए। मंत्री ने पूछा यह क्या है, दुकानदारों ने कहा कि यह टूटे हुए ताले हैं तो चोरों ने तोड़े हैं। मगर बरवाला पुलिस कार्रवाई के बजाय चोरों को संरक्षण दे रही हैं। इस पर मंत्री ने डीएसपी से कहा कि इनकी शिकायत पर कार्रवाई की जाए। इस पर डीएसपी ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। दुकानदार धर्मबीर का कहना है कि एक महीने में 20 चोरी से दुकानदार दहशत में हैं और डर रहता है कोई चोर फिर से रात में चोरी ना कर ले। उनका कहना है कि आए दिन बरवाला शहर में दुकानों से बार-बार चोरी हो रही है। इस मामले में बरवाला थाने में कई केस दर्ज हैं। हम बरवाला पुलिस को चोर के बारे में भी बता चुके हैं। यहां तक कि चोर का पता भी पुलिस को पता है, मगर फिर भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। एक महीने के अंदर हांसी रोड स्थित 20 दुकानों के ताले टूट चुके हैं। हम रोजाना हो रही चोरी की घटनाओं से तंग आ गए हैं और दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है।

## स्कूली स्टेट चैंपियनशिप में अंशुल ने जीती चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

आदमपुर के आदर्श हाई स्कूल के छात्र अंशुल ने रोहतक के सेक्टर-5 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में हुई छठीं स्कूली स्टेट चैंपियनशिप में हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। स्कूल के खेल प्रशिक्षक महेंद्र शीला ने बताया कि छात्र अंशुल ने रिकार्ड समय में 200 मी. दौड़ पूरी करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। कई विद्यार्थी पिछले लंबे समय से स्कूल के खेल ग्राउंड पर तैयारी कर रहे थे जिनमें से बहुत से बच्चों ने खंड व जिला स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदों पर कब्जा जमाया। टेक्निक और टाइमिंग के मामले में अंशुल ने अन्य खिलाडियों को पीछे छोड़ दिया। स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या शकुंतला खिचड़ व शिक्षकों ने खिलाड़ी व कोच का जोरदार स्वागत किया।




उकलाना। चार मैडल जीतने वाली बेटी रश्मि।

## खैरी की बेटी रश्मि ने जीत चार मेडल

**उकलाना मंडी।** नजदीकी गांव खैरी की बेटी रश्मि कुंडू ने छठी राज्यस्तरीय अंडर-11 एथलेटिक प्रतियोगिता में 4 मेडल प्राप्त करके न केवल गांव का बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। रश्मि ने दो गोल्ड, एक सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल लेकर दमदार प्रदर्शन किया। बेटी की सफलता पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। विजेता बेटी का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

## अग्रोहा धाम: नवम्बर को लगेगा 41वां विशाल वार्षिक मेला: बजरंग

# 10 को अग्रोहा मेले में ड्यूटी देंगे 700 सेवादार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि अग्रोहा धाम में 10 नवंबर को 41 वां विशाल वार्षिक मेला लगेगा। मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई है और इसके लिए 700 सेवादारों की ड्यूटियां लगाई गई है।

बजरंग गर्ग रविवार को अग्रोहा धाम में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अग्रोहा धाम में 10 नवंबर को लगने वाले मेले की तैयारी पर विचार किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महामंडलेश्वर कुमार स्वामी, एक्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा, भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के साथ-साथ देश के प्रमुख उद्योगपति, समाजसेवी और राजनेता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रोहा धाम मेले के लिए 700 सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई है। मेले में खान-पान, ठहरने, मंदिरों के दर्शन, पार्किंग, फ्री मेडिकल कैंप के साथ-साथ सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है। अग्रोहा धाम आने-जाने के लिए फ्री बस सेवा की सुविधा भी हिसार, बरवाला, उकलाना, फतेहाबाद, भट्टू, आदमपुर, सिरसा, जींद, नरवाना, भिवानी आदि जगहों से वैश्य समाज द्वारा की जाएगी।


बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 10 नवंबर को प्रातः 6 बजे शक्ति सरोवर स्नान, 7 बजे सभी मंदिरों में आरती-पूजा, सुबह 8 बजे 501 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात 9 बजे छप्पन भोग व सवामणि का भोग लगेगा। प्रातः से ही जलपान व सुबह 10 बजे से अटूट भंडारा, 11 बजे महाराजा अग्रसेन जी का ध्वाजारोहण व 12 बजे से 3 बजे तक मुख्य कार्यक्रम, सम्मेलन व भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम व भजन कार्यक्रम रहेगा। उन्होंने कहा कि अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से जो भोजनालय कक्ष बनाया है उसका शुभारंभ 10 नवंबर को किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बैंक्विट हॉल, ऑडिटोरियम व दो म्यूजियम बनाएं है। इसके साथ-साथ अग्रोहा धाम में अनेकों नई योजना लागू की गई है।

इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, युवा प्रधान अनिल गोयल, निर्माण समिति संयोजक ऋषिराज गर्ग, संजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, दीपक गर्ग, शादी-विवाह समिति के संयोजक संजय डालमिया, बजरंग बंसल, श्याम मंडल के प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, अनिल तनेजा, सचिन गर्ग, कटला रामलीला के पूर्व प्रधान सज्जन गुप्ता व विनोद गुप्ता, महासचिव राजेश गोयल, मांगेराम रालवासिया, अमित गोयल, अभिमन्यू बंसल, गजानंद गर्ग, अग्रोहा ब्लॉक युवा प्रधान रवि गर्ग, राजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, दुनीचंद गोयल, विरेन्द्र गुप्ता, धर्मेन्द्र गर्ग, राहुल गर्ग, मोहित बंसल अजीतपूरिया, कर्ण सिंगल आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे।



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते राष्ट्रीयध्यक्ष।

*जिंदगी को आसान नहीं बल्कि*
*खुद को मजबूत बनाना पड़ता है।*
*सही समय कभी नहीं आता*
*बस समय को सही बनाना पड़ता है।*
**- डा. एपीजे अब्दुल कलाम**



*लगातार तीन दिन से हो रही बारिश ने सुमित्रा की मुश्किलें बढ़ा दी थी। घर का सारा राशन समाप्त हो चुका था। छोटे बेटे की तबियत और खराब हो गयी थी। मजदूरी के पैसे भी खत्म हो चुके थे। किससे मदद मांगे। भूख के मारे बच्चों की हालत खराब हो चुकी थी। पीपे को खोलकर देखा तो उसमें थोड़े से चावल पड़े थे लेकिन वह पर्याप्त नहीं थे।*





कहानी

**प्रवीन वर्मा 'राजन'**

# देवता

सभी मजदूरों के साथ सुमित्रा और कम्मो भी मुंशी के सामने इकठ्ठा हो गए।

मुंशी ने कहा- 'देखो, बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। इससे काम ठीक से नहीं हो पा रहा है। तुम लोग अपना हिसाब कर लो, अब बरसात बाद ही काम शुरू हो पायेगा।' मुंशी ने सबको उनकी मजदूरी दे दी।

सुमित्रा और कम्मो भी बुझे मन से सभी मजदूरों के साथ अपने घर लौट गईं। सुमित्रा विधवा और तीन बच्चों की मां थी और बहुत ही गरीब थी। मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का पेट पालती थी। मगर इस बरसात ने सुमित्रा की कमर तोड़ दी थी। करमजली बरसात भी बंद होने का नाम नहीं ले रही- मन ही मन बुदबुदाई सुमित्रा।

'अम्मा तिरपाल से पानी टपक रहा है।'

'हां बिटिया,सुमित्रा फ़टे हुए तिरपाल को देखकर बोली।' पन्नी, बांस, तिरपाल तानकर किसी तरह अपना छोटा सा आशियान बनाया था। उस पर भी नगर निगम वाले जब तब गिरा देते थे। लगातार तीन दिन से हो रही बारिश ने सुमित्रा की मुश्किलें बढ़ा दी थी। घर का सारा राशन समाप्त हो चुका था। छोटे बेटे की तबियत और खराब हो गयी थी। मजदूरी के पैसे भी खत्म हो चुके थे। किससे मदद मांगे। भूख के मारे बच्चों की हालत खराब हो चुकी थी। पीपे को खोलकर देखा तो उसमें थोड़े से चावल पड़े थे लेकिन वह पर्याप्त नहीं थे। थोड़ी सी लकड़ियां बची थीं, चूल्हा जलाने के लिए। किसी तरह चूल्हा जलाकर भात बनाया और बच्चों को खिलाने लगी।

बड़ी बिटिया बोली- 'अम्मा मुझे भूख नहीं है, छोटे और दीनू को खिला दो।'

सुमित्रा जानती थी कि मुसीबतों ने नौ साल की बिट्टो को समय से पहले ही बड़ा कर दिया। थोड़े से भात से छोटे और दीनू का पेट न भर सका।

'अम्मा नमक भात से अब पेट नहीं भरता, सब्जी दाल कब बनाओगी।' सुमित्रा की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखते हुए दीनू ने कहा!

'कल हम लोग दाल बनाएंगे।'सुमित्रा ने दिलासा दी। आज तो किसी तरह समझा-बुझाकर दोनों बच्चों को सुला दिया। कल क्या होगा? बिट्टो और खुद भूखी ही लेट गयी। सुमित्रा की आंखों से नींद कोसों दूर थी। बच्चों के भूख से बिलखते चेहरे को याद करते-करते कब सुबह हो गयी, पता ही नहीं चला।

बिट्टो ने जगाया और कहा, 'अम्मा छोटे की तबियत और बिगड़ गयी।'

सुमित्रा भागकर छोटे के पास गई और उसे गोदी में उठाकर रोने लगी। बुखार से उसका शरीर तप रहा था। बरसात बंद होने का नाम नहीं ले रही। सुमित्रा की समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। मजदूरों की कोई सुध भी लेने वाला नहीं। सुमित्रा को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। वह भागकर थोड़ी ही दूरी पर रह रही कम्मो के घर गयी। दरवाजा खटखटाया।

कम्मो ने दरवाजा खोला और बोली, 'अरे सुमित्रा क्या हुआ?' सुमित्रा ने रोते हुए कहा, 'घर में खाने को कुछ नहीं है। पैसे भी नहीं हैं कि कुछ खरीद सकूं। छोटे की तबियत बहुत खराब है। मेरी थोड़ी मदद कर दे।'

'मेरे पास भी एक दो दिन की व्यवस्था है। अगर मैं तुझे दे दूंगी तो मेरा परिवार क्या करेगा'। साफ मना कर दिया कम्मो ने।

'...तो मैं क्या करूँ बताओ, कोई काम ही दिलवा दो', लगभग हाथ जोड़ते हुए सुमित्रा ने कहा।

'इस बरसात में हम मजदूरों को कौन काम देगा। ...हां, एक उपाय है, अगर तू कर सके तो बोल।'

'कौन सा उपाय' सुमित्रा बोली?

'वो जो छोटे ठेकेदार साहब हैं, यहीं पास ही उनका घर है। उनके घर जा, वो जो कहे वो कर देना बस। समझो तेरा दुख दूर हो गया।'

'क्या करना होगा मुझे'-सुमित्रा ने पूछा।

'अब इतनी भोली भी मत बन', कम्मो ने क्रोधित होते हुए कहा।

'मैं सही में नहीं समझी कम्मो। तू साफ-साफ बता।'

'उनकी इच्छा पूरी कर देना बस, वो तुम्हारी गरीबी दूर कर देंगे।'

'ये क्या कह रही है तू, मदद नहीं कर सकती तो गलत सलाह तो मत दे', लगभग चीखते हुए सुमित्रा ने कहा और वहां से भागकर अपने घर आ गयी।

बिट्टो ने पूछा- 'अम्मा कुछ खाने को लायी क्या? दीनू और छोटे बहुत भूखे हैं।'

*'जी, मुझे कम्मो ने भेजा है, मेरे पास खाने को अन्न का एक दाना नहीं है। बेटे की तबियत बहुत खराब है। तीन दिन से हम लोगों ने कुछ भी नहीं खाया है। आप मेरी मदद कर दो। इसके बदले में आप चाहे मेरे साथ कुछ भी कर लो।' एक सांस में ही इतना कहकर सुमित्रा ने अपनी साड़ी उतारनी शुरू कर दी।*
*'अरे ये क्या कर रही हो ? तुम पागल हो गयी हो क्या? ठेकेदार साहब चिल्लाए।*

सुमित्रा ने अपना सिर न में हिला दिया। क्या करें क्या न करे। इसी उधेड़बुन में शाम हो गयी। वह किराने की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी। पिछला उधार होने के कारण उसने भी भगा दिया। रात हो गयी किसी ने मदद नहीं की। बच्चे भूख से बिलख रहे थे। उसने खुद और बिट्टो ने दो दिन से कुछ नहीं खाया था। बरसात रुकने का नाम नहीं ले रही थी। सुमित्रा स्वाभिमानी औरत थी, जिस्म का सौदा उसे मंजूर नहीं था।

लेकिन छोटे की बीमारी, भूख, टपकता तिरपाल आज उसे अपने स्वाभिमान से समझौता करने को मजबूर कर रहा था। उसका मन उसे धिक्कार रहा था कि तू कैसी मां है, जो बच्चों की भूख भी नहीं मिटा सकती। अचानक आंसू पोछकर वह उठी और बिट्टो से बोली, 'बिट्टो तू छोटे का ख्याल रख , मैं कुछ खाने को लेकर आती हूं।

'अम्मा जल्दी आना, बहुत भूख लगी है।'

सुमित्रा भारी मन से कम्मो के बताए पते पर चल दी। थोड़ी ही देर में वह उस घर के सामने खड़ी थी। दरवाजा खटखटाया तो एक बूढ़े ने दरवाजा खोला और पूछा- 'क्या हुआ, किससे मिलना है?'

'जी बाबू जी से', सुमित्रा बोली।

'अंदर आओ, तुम तो पूरी तरह भीग गयी हो। ये लो अंगौछा, इससे सूखा लो खुद को।'

अंदर से आवाज आई, - 'कौन है काका?'

'आपसे मिलने आयी है ,भेज दूं' बूढ़े काका ने कहा।

'भेज दो।'

'जाओ बिटिया।'

बिटिया शब्द सुनकर सुमित्रा को कुछ अपनापन महसूस हुआ। सकुचाते हुए सुमित्रा अंदर चली गयी। एक बड़े से हाल में चश्मा लगाए ठेकेदार साहब बैठे थे। उन्होंने पूछा, 'कौन हो तुम और हमसे क्या काम है?

'जी, मुझे कम्मो ने भेजा है, मेरे पास खाने को अन्न का एक दाना नहीं है। बेटे की तबियत बहुत खराब है। तीन दिन से हम लोगों ने कुछ भी नहीं खाया है। आप मेरी मदद कर दो। इसके बदले में आप चाहे मेरे साथ कुछ भी कर लो।' एक सांस में ही इतना कहकर सुमित्रा ने अपनी साड़ी उतारनी शुरू कर दी।

'अरे ये क्या कर रही हो ? तुम पागल हो गयी हो क्या? ठेकेदार साहब चिल्लाए।

'बाबू जी मेरे पास आपको देने के लिए इसके अलावा कुछ भी नहीं है।'सुमित्रा बोली।

'पहले अपनी साड़ी पहनो' - ठेकेदार साहब बोले। 'तुमको किसने ये सब बताया?'

'जी कम्मो ने।' सुमित्रा बोली।

'किसी की मजबूरी का फायदा उठाना मेरे संस्कारों में नहीं है। मैं कोई ऐसा वैसा आदमी नहीं हूँ। तुमको किसी ने गलत जानकारी दी है।' फिर उन्होंने काका को आवाज दी।

'जी, साहब जी।'काका बोले।

'काका, इसको कुछ खाने को दे दो और ये कुछ बुखार की दवाइयां पड़ी है वो भी दे दो।' काका ने एक बड़े टिफिन में ढेर सारा खाना और दवाइयां सुमित्रा को दीं।

सुमित्रा की समझ में नहीं आ रहा था कि कम्मो ने जिस आदमी के विषय में क्या बताया था, वह तो देवता निकले।

खाना लेकर सुमित्रा जैसे ही निकलने लगी। बाबू जी ने कहा- 'रुको।' एकदम से सहम गयी सुमित्रा। पास आकर बाबू जी बोले, 'अपना नाम तो तुमने बताया ही नहीं।'

'जी.. सुमित्रा।'

'देखो सुमित्रा, मेरे घर में मैं और काका ही रहते हैं। काका भी अब बूढ़े हो गए हैं। इनसे घर का काम ठीक से नहीं हो पाता। अगर तुम्हारा मन हो तो मेरे घर का काम कर दिया करो। बदले में तुम्हे खाना और महीने में पैसा मिल जाएगा। और पीछे एक कमरा खाली है उसमें तुम अपने बच्चों के साथ रह भी सकती हो। सुमित्रा ने सहमति से सिर हिला दिया और अपने घर की ओर चलते-चलते सोचने लगी कि आज भी इस दुनिया में इंसानियत जिंदा है।

कविता | **चीनू अग्रवाल**



## ज्ञान का भंडार

*नन्हे नन्हे कदमों को,*
*दुनिया की दौड़ में दौड़ना सीखते हैं।*
*मासूम से मन को,*
*दुनियादारी समझते हैं।*

*छोटे-छोटे ख्वाबों को,*
*हकीकत में बदलना सिखाते हैं।*
*हर चीज का बोध कराके,*
*ज्ञान को आगे बढ़ाते हैं।*

*तरह-तरह की मुश्किलों से,*
*जिंदगी में लड़ना सिखाते हैं।*
*मन अंधेरे को दूर करके,*
*जीवन को चमकाते हैं।*

*छोटे-छोटे पाठ पढ़कर,*
*बड़े-बड़े डॉक्टर, इंजीनियर भी बनाते हैं,*
*ज्ञान को बांट कर,*
*देश को श्रेष्ठ बनाते हैं।*

*सही गलत का फर्क बता कर,*
*राहों को सरल बनाते हैं।*
*बंद हो जाते जब सब दरवाजे,*
*नया रास्ता दिखलाते हैं।*

*कुम्हार मिट्टी को आकार देकर,*
*जैसे घड़ा बनाते हैं।*
*वैसे ही नादान मन को ज्ञान देकर,*
*अच्छा इंसान बनते हैं।*

*आने वाले कल की चुनौतियों के लिए,*
*तैयार यह करवाते हैं।*
*क्या करना है जीवन में आगे,*
*यह हमें सिखलाते हैं।*

*ज्ञान का भंडार ये हैं,*
*अज्ञानता का अंधेरा हटाते हैं,*
*हौंसले बुलंद बनाते हैं।*
*तभी तो यह शिक्षक ये कहलाते हैं।*

**क्षमा उर्मिला**



## अंधेरों की परवरिश

क्या ये अंधेरों की परवरिश है
जो चाँद इतना चमक रहा है

कोई तो रिश्ता है रोशनी से
अंधेरा सदियों से संग खड़ा है

जो एक दिन छू लिया था तुमने
वो पतझड़ों में शजर हरा है

हम अपनी धड़कन से थक गये
है सांसें छोटी या दिन बड़ा है

उदासियां क्यूँ हैं हर ख़ुशी संग
दिल लम्हे लम्हे से लड़ रहा है

सुना है मैदाने जिंदगी में
कभी ख़ुशी का शहर रहा है


दिया था चुपके से मुठ्ठियों में
मेरा भरोसा कहाँ गिरा है

बड़ा है तन में, अड़ा है मन में
ये दर्द थोड़ा सा सरफिरा है

मगर प्रभू साथ चल रहे है
ये आसमानों का फैसला है

अगर में बिखरी हर एक जर्रा
स्नेह के रंग से ही भरा है

**संजय सिंह चौहान**



## राजू की सच्ची दीपावली

बहुत समय पहले, एक छोटे से गाँव में नन्हा राजू अपने माता-पिता के साथ रहता था। राजू को त्योहारों का बहुत शौक था, और जब दीपावली का समय आया, तो वह बहुत उत्साहित हो गया। हर वर्ष की तरह, इस बार भी गाँव में दीपावली की तैयारी बड़े जोश और धूमधाम से हो रही थी। बाजार रंग-बिरंगी रोशनी, मिठाइयों, और खिलौनों से सजा हुआ था। हर घर के बाहर दीयों की कतारें लगाने की तैयारी हो रही थी, और लोग नए कपड़े खरीदने के लिए उत्साहित थे। राजू के पिता ने उसे बताया, ₹दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का त्योहार है। यह भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है, जब उन्होंने रावण को पराजित किया था और चौदह वर्षों के वनवास के बाद लौटे थे, उस दिन पूरे अयोध्या नगरी को दीयों से सजाया गया था, और तभी से दीपावली का त्योहार हर वर्ष मनाया जाता है। राजू को यह कहानी बहुत पसंद आई, और उसने सोचा, ₹अगर मैं भी रोशनी फैला सकूं और अंधकार को दूर कर सकूं, तो यह कितना अच्छा होगा! राजू के घर के पास एक निर्धन परिवार भी रहता था, जिनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वे दीपावली की तैयारी कर सकें। उस परिवार के बच्चे भी राजू की तरह दीपावली मनाना चाहते थे, लेकिन उनके पास न नए कपड़े थे, न मिठाइयाँ और न ही दीये। राजू ने यह देखा और उसे बहुत दुख हुआ। वह सोचने लगा कि अगर यह त्योहार खुशियों और रोशनी का है, तो इन्हें क्यों अंधकार में रहना पड़े? उसने अपनी गुल्लक तोड़ी, जिसमें उसने बहुत पैसे बचा रखे थे। राजू ने अपने माता-पिता से कहा, ₹मैं चाहता हूँ कि इस बार हम इस निर्धन परिवार के साथ दीपावली मनाएँ। राजू के माता-पिता उसकी इस सोच से बहुत खुश हुए। वे बाजार गए और उस परिवार के लिए नए कपड़े, मिठाइयाँ, और ढेर सारे दीये खरीद कर लाए। जब दीपावली की रात आई, राजू ने अपने माता-पिता के साथ उस परिवार के घर के बाहर दीपक जलाए। उसने बच्चों को नए कपड़े पहनाए और सबने मिलकर मिठाइयाँ खाईं। वह रात सचमुच अद्भुत थी। चारों ओर दीयों की रौशनी फैल चुकी थी और बच्चे खुशी से उछल रहे थे। राजू को उस रात बहुत खुशी हुई, क्योंकि उसने महसूस किया कि सच्ची दीपावली तभी होती है जब हम दूसरों के जीवन में भी खुशियों और रोशनी का दीपक जलाएं। इस तरह, उस गाँव में दीपावली का त्योहार हर वर्ष की तुलना में इस बार और भी विशेष बन गया। सबने मिलकर दीप जलाए, मिठाइयाँ बाँटी, और खुशियाँ मनाईं। और राजू ने एक बड़ी सीख सीखी—दीपावली का वास्तविक उद्देश्य सिर्फ अपने घर को सजाना नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी प्रकाश और प्रसन्नता लाना है। इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि दीपावली का पर्व केवल अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का नहीं है, बल्कि यह प्रसन्नता और प्रेम बांटने का भी त्योहार है।

**साहित्यकार कमलेश भारतीय हिंदी साहित्य के पाठकों और नवलेखकों को संदेश देते हैं कि दूसरों के श्रेष्ठ साहित्य को खूब पढ़िए। जैसे खेत में खाद डालते हैं ऐसे काम करता है यह श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना। नए से नए रचनाकार को भी देखिए कि वह कैसे कहानी बुनता है। वह ख़ुद प्रतिदिन सुबह एक अच्छी रचना से दिन शुरू करते हैं। जैसे लोग गीता का अध्याय पढ़ते हैं, वह भी कोई एक अच्छी रचना पढ़ते हैं।**

साक्षात्कार | **डॉ. तबस्सुम जहां**

# संवेदना से याद की जाती हैं कहानियां : कमलेश भारतीय

हरियाणा साहित्य अकादमी में उपाध्यक्ष के पद पर रहे स्वतंत्र पत्रकार के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले बेहद जिंदादिल शख्सियत कमलेश भारतीय साहित्य के क्षेत्र में भी बेहद लोकप्रिय नाम हैं। कमलेश भारतीय को हाल ही में नोएडा में आयोजित मारवाह साहित्य समारोह में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। कमलेश भारतीय मूलतः पंजाब के नवांशहर के रहने वाले हैं, पर पिछले 27 साल से हिसार में रह रहे हैं। कमलेश भारतीय महज सत्रह वर्ष की आयु में शिक्षक से, प्राध्यापक एवं प्राचार्य के पदों पर अपनी सेवाएं देने के बाद दैनिक ट्रिब्यून चंडीगढ़ में मुख्य संवाददाता रहे। उसके बाद अब तक इनके दस कथा संग्रह हिंदी साहित्य की धरोहर बन चुके हैं।



पंजाबी, उर्दू, अंग्रेजी, मराठी, डोंगरी, बंगला आदि भाषाओं में इनकी रचनाएं अनुवादित हो चुकी हैं। आपकी कृति 'एक संवाददाता की डायरी' को केन्द्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली द्वारा पुरस्कृत किया गया। 28 सितंबर को रोहतक में हुए हाइफ़ा के वार्षिक समारोह में कमलेश भारतीय को भी सम्मनित किया गया। उसी दौरान एक विस्तृत चर्चा में सोशल मीडिया और साहित्य विषय पर उन्होंने खुलकर अपने विचार रखे। उन्होंने चिंता प्रकट कि आजकल सोशल मीडिया आने से हर तीसरा शख्स कवि, कहानीकार, ग़ज़लकार बन गया है। यह बहुत दुखद है और साहित्य के लिए सही दौर नहीं है। रात रात भर जाग कर पढ़ना, लिखना, रचना को संवारना यह सब जैसे बीते कल की बातें हो गई हैं। जब उन्होंने लिखना शुरू किया था तब वह पंजाब में थे और हिंदी टाइप की सुविधा भी नहीं थी। हाथ से कितनी बार लिखकर संशोधन करते और फिर इतना सुंदर लिखते कि टाइप किए हुए की बजाय उनकी रचना पढ़ी जाए। वो बताते हैं कि आज का सोशल मीडिया का दौर ऐसा है कि दो चार पंक्तियां लिखीं और लाइक्स की इंतज़ार शुरू। हमें पत्रों का इंतज़ार रहता था, जो संभाले जा सकते थे। सोशल मीडिया सिर्फ एक मंच है, जिससे साहित्य का प्रचार प्रसार तो हो सकता है लेकिन यह दिखावे का और आत्ममुग्धता का मंच ज्यादा है। इस आत्ममुग्धता से बचने की जरूरत है। प्रचार के लिए, साहित्य के प्रमोशन तक रखा जाना चाहिए न कि इससे साहित्य से दूर तक जुड़ा रहा जा सकता है। आज लोग छोटी कहानियों और लघुकथा में फ़र्क नहीं कर पाते।

इनके बीच विभाजक रेखा खींचते हुए कमलेश भारतीय बताते हैं कि बिजली की कौंध की तरह अचानक लघुकथा आंखों में चमकती है और इसे जानबूझकर विस्तार नहीं दिया जा सकता। जबकि कहानी आकार में छोटी हो सकती है पर कहानी ही होती है। हिंदी साहित्य में अलग-अलग 'वाद' की दुकाने खुल गई हैं और हरेक साहित्यकार मेरी शर्ट उसकी शर्ट से ज्यादा सफ़ेद वाली स्थिति में रहता है। इस बारे में कमलेश भारतीय का मानना है कि 'वाद' शुरू से चलते आए हैं। आंदोलन चलते आए हैं। नई कहानी आंदोलन, समांतर कहानी, सचेतन कहानी, जनवादी कहानी आंदोलन लेकिन कहानियाँ वही चर्चित रहीं जो मानवीय संवेदना को छू पाईं। कमलेश्वर की राजा निरबंसिया, भीष्म साहनी की चीफ की दावत, अज्ञेय की रोज़ (ग्रैंग्रीन), धर्मवीर भारती की 'बंद गली का आखिरी मकान' , मोहन राकेश की 'मलबे का मालिक', ऊषा प्रियंवदा की वापसी, निर्मल वर्मा की दूसरी दुनिया और अन्य रचनाकारों की अनेक कहानियों को किसी वाद के साथ याद नहीं किया जाता बल्कि संवेदनशील होने के चलते याद किया जाता है। वाद को कोई याद नहीं रखता, पाठक कहानी को याद रखता है। तकनीकी क्रांति ने समाज को किताबों से दूर कर दिया है।

दूसरे प्रकाशक तानाशाह हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में लोग फेसबुक आदि पर अपनी रचनाएं डालते हैं या ऑनलाइन साहित्यिक चर्चाएं हो रही हैं। ऐसे में साहित्य की दिशा के संदर्भ में कमलेश भारतीय बताते हैं कि छपे हुए साहित्य से नई पीढ़ी दूर होती जा रही है। कमलेश भारतीय का कहना है-

*बस, इतना ही करना है और यह याद रखना*
*तुम ही हो एक मुसाफिर यह गुमान मत रखना*
*अपने पांव तले कभी आसमान मत रखना।*

### प्रकाशित पुस्तकें

कमलेश भारतीय की 18 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनके कथा संग्रह महक से ऊपर, मस्तराम ज़िदाबाद, इस बार, मां और मिट्टी, ऐसे थे तुम, जादूगरनी, शो विंडो की गुड़िया, एक संवाददाता की डायरी, दरवाजा कौन खोलेगा, इतनी सी बात, मैं नहीं जानता, नई प्रेम कहानी, सूनी मांग का गीत के अलावा यादों की धरोहर (साहित्यकारों से साक्षात्कार), मां और मिट्टी कथा संग्रह का नेपाली में अनुवाद, इतनी सी बात का पंजाबी में अनुवाद, लोग भूल जाते हैं (काव्य संग्रह), तथा 'मैं नहीं जानताश' प्रकाशित हो चुके हैं।



कमलेश भारतीय


### पुरस्कार व सम्मान

कमलेश भारतीय को 1992 में कहानी लेखन महाविद्यालय, अम्बाला छावनी द्वारा श्रेष्ठ लेखन पुरस्कार, 1999 में राज्यकवि स्वर्गीय परमानंद स्मृति सम्मान, 2008 में कैथल की साहित्य सभा की ओर से धीरज त्रिखा स्मृति पत्रकारिता सम्मान, फगवाडा में पंजाब हिंदी साहित्य अकादमी की ओर से स्वर्गीय डॉ. चंद्रशेखर स्मृति सम्मान, हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से 2010 में देशबंधु गुप्त साहित्यिक पत्रकारिता पुरस्कार आदि से नवाजा जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : कमलेश भारतीय
**जन्मतिथि** : 17 जनवरी, 1952
**जन्म स्थान** : होशियारपुर (पंजाब)
**शिक्षा** : एमए ( हिंदी) , बीएड, प्रभाकर
**संप्रति** : प्राचार्य, लेखक, पत्रकार

# भीतर की शक्ति : नरेंद्र मोदी की नेतृत्व विरासत






**पुस्तक :** भीतर की शक्ति : नरेंद्र मोदी की नेतृत्व विरासत
**लेखक :** आर. बालासुब्रमण्यम
**मूल्य :** 581 रुपये
**प्रकाशक :** पेंगुइन, भारत

पुस्तक समीक्षा | **शिवेश प्रताप**

आज इस वैश्वीकरण के युग में हम एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं, जहां हमें यह एहसास होता है कि दुनिया के सामने मौजूद बहुस्तरीय लक्ष्यों, संकटों और समाजों में बढ़ती ध्रुवीकरण की स्थिति से निपटने के लिए केवल सत्ता आधारित नेतृत्व मॉडल ही पर्याप्त नहीं हैं। आज के दौर में हमें ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो न केवल इतिहास से सीखे, बल्कि उसमें स्वीकार्यता की क्षमता, व्यवहारिकता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और आध्यात्मिक परिपक्वता का समावेश हो। इन सभी गुणों से युक्त व्यक्तित्व को हम प्रबुद्ध नेतृत्व कह सकते हैं। हम सभी भाग्यशाली हैं कि देश को 2014 में नरेंद्र मोदी के रूप में इन सभी गुणों से युक्त एक ऐसा नेता मिला जिसने तमाम प्रतिकूलताओं से घिरे वातावरण में भी आशा आकांक्षाओं का संचार इस देश में किया। आर. बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित 'Power Within: The Leadership Legacy of NarendraModi' पुस्तक नरेंद्र मोदी के इस अनूठे नेतृत्व को बारीकी से समझने और परखने का एक अवसर प्रदान करती है। पूरी पुस्तक में संस्कृत श्लोकों एवं धर्म शास्त्रों के विचारों को बड़े सुन्दर ढंग से मोदी जी के जीवन प्रसंगों से जोड़ा गया है। इस पुस्तक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह मोदी जी के नेतृत्व को भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं में निहित मानती है। लेखक ने इस पुस्तक में बताया है कि मोदी का नेतृत्व केवल भौतिक सफलता पर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता और कर्तव्य की भावना पर भी आधारित है। योग, ध्यान और भगवद गीता के शिक्षाओं के प्रति उनकी आस्था ने उनके शासन को आकार दिया है। वे एक कर्मयोगी के रूप में सेवा करते हैं, जो निःस्वार्थ भाव से, ईमानदारी और करुणा के साथ कार्य करते हैं, और न केवल मानव समाज अपितु सभी जीवों का आपसी जुड़ाव को महत्व देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व आधुनिक चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है। जो न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए एक शांति और सुख का मार्ग प्रस्तुत करती है। ऐसे अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों और समय में, मोदी का नेतृत्व एक आशा की दैदीप्यमान सूर्य की तरह चमकता है, जो कोटि कोटि भारतीयों को और विश्व के अन्यान्य लोगों को एक बेहतर और अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए प्रेरित करता है। यह पुस्तक मोदी जी के नेतृत्व की विरासत को समझने और उसे सहेजने करने का एक सार्थक प्रयास है।

## खबर संक्षेप



उकलाना में पूर्व मंत्री अनूप धानक का स्वागत करते मुख्यमंत्री का आभार जताते युवा व डीएससी समाज के गणमान्य व्यक्ति।

### मुंह मीठा करवा पूर्व मंत्री का जताया सीएम का आभार

**उकलाना मंडी।** पूर्व राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी अनूप धानक कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए अपने आवास पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान उनकी समस्याओं को सुन निदान करवाया। शपथ ग्रहण समारोह के दिन ही 25 हजार युवाओं की नौकरी लगने पर उकलाना हलके से काफी संख्या में युवाओं ने भाजपा प्रत्याशी का मुंह मीठा करवा कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने युवाओं को रोजगार दिया है और मुख्यमंत्री अपनी बात के धनी रहे उस बात के लिए आभार भी व्यक्त किया। पूर्व मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा ने उस वंचित समाज के लोगों को लाभ देने का मौका दिया

### प्रदेशभर के धानक समाज में खुशी : संदीप

**हिसार।** धानक जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया धानक ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुप्रीम कोर्ट का अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागू कर अनुसूचित जाति वर्ग-ए में शामिल विभिन्न जातियां को लाभ पहुंचाने का काम किया है। ये जातियां



पिछले लंबे समय से अपने अधिकारों से वंचित थी। मुख्यमंत्री के इस फैसले प्रदेश भर के धानक समाज में खुशी है तथा उन्हे अब अपने सामाजिक व शैक्षणिक उत्थान की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि समाजहित सोच के चलते जल्द ही धनक समाज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित करेगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में उन समुदायों तक पहुंचे। जिन्हें अभी भी समाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त होने की आवश्यकता है। एससी आरक्षण में वर्गीकरण से अब गिने-चुने वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा।

## मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याणा व रणधीर पनिहार का किया स्वागत

# जनता ने भाजपा की नीतियों में जताया विश्वास तीसरी बार दिया सरकार बनाने जनादेश: सैनी





**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी विधायक विनोद भ्याणा व अन्य नेताओं का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश में तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार बनने उपरांत भाजपा जिला कार्यालय में जिले की विभिन्न विधानसभा सीटों से चुनाव जीतने वाले नवनियुक्त विधायकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रविवार को हुए इस कार्यक्रम में बरवाला से नवनिर्वाचित विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी से विधायक विनोद भ्याणा व नलवा से रणधीर पनिहार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि हर कार्यकर्ता के लिए गर्व व हर्ष का विषय है कि प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भाजपा को जनादेश दिया है। देश व प्रदेश की जनता भाजपा सरकारों की नीतियों व कार्यक्रमों से खुश है और इसका प्रमाण जनता ने पहले केन्द्र में और अब हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाकर दिया है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने के बाद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी और बढ़ जाती है और वे पहले से दोगुनी ताकत के साथ पार्टी की नीतियों व योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें ताकि हर पात्र को इनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को बधाई दी और कहा कि सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री का जो दर्जा मिला है, उससे पूरे हिसार जिले का सम्मान बढ़ा है।

सम्मान समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि उनकी व अन्य साथी विधायकों की जीत पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के सहयोग का परिणाम हैं। वे पार्टी की नीतियों पर चलते हुए कार्यकर्ता व मंत्री के तौर पर हर पात्र को योजनाओं व नीतियों का लाभ दिलवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

हांसी के विधायक विनोद भयाणा ने कहा कि जनता ने तीसरी बार जनादेश देकर हमारी जिम्मेवारी और बढ़ाई है। हमें जनता की आशाओं व पार्टी की नीतियों पर खरा उतरने का प्रयास करना है। पार्टी की तरफ से जो जिम्मेवारी लगाई जाएगी, वे उसे एक कार्यकर्ता के तौर पर निभाते रहेंगे। नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते उन्हें जीत मिली है। वे भाजपा के अंत्योदय के सिद्धांत के तहत हर पात्र को उसका लाभ दिलवाने व सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे। भाजपा विधानसभा चुनाव मीडिया श्रीनिवास गोयल ने संबोधित किया।

इस मौके पर महामंत्री आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया, संजीव रेवड़ी, रणधीर धीरू, राजेन्द्र सपड़ा, सरोज सिहाग, रतन सैनी, प्रवीण सैनी, रविन्द्र रॉकी व मनदीप मलिक, सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नलवा विधायक रणधीर पनिहार का स्वागत करते जिला अध्यक्ष अशोक सैनी एवं अन्य पार्टीजन।



**हिसार।** भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# बालाजी परिवार, रामदूतम ने मनाया पूर्णिमा महोत्सव

- आयोजन में विख्यात कलाकारों ने भजनों से बांधा समां

हरिभूमिन्यूज ▶▶| हिसार

श्री राम दूतम सेवा फाउंडेशन व श्री बालाजी परिवार ऑटो मार्किट की ओर से 10वां विशाल श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव व भंडारा महाराज अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10वां श्री शरद पूर्णिमा भंडारा अग्रसेन भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री राम दूतम सेवा फाउंडेशन के प्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी ने बताया कि श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव व भंडारा के उपलक्ष्य में श्री बाला जी महाराज को चोला भी चढ़ाया गया। कार्यक्रम में मुख्य समाजसेवी, अनिल बालाजी ट्रांस्पोर्ट, सुरेश चंद जैन सिसाय वाले, कृष्ण खारिया, हितेश अग्रवाल, गौरव जैन, गोबिंद बंसल, समाजसेविका लीना सिंगल रमेश जिंदल की गरिमामयी उपस्थित रही। कुल प्रकाश बंटी गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में विख्यात कलाकारों सजंय मितल, शुभम रुपम, ट्विंकल शर्मा, पवन गेरा, राहुल राज म्यूजिकल ग्रुप, अश्विनी मोरवी साउंड, हिसार से पहुंच कर प्रभु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में श्री बालाजी परिवार, श्री रामदूतम सेवा फाउंडेशन, श्री श्याम सुंदर अपना परिवार द्वारा भंडारा वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था द्वारा आए प्रभु भक्तों को स्मृति चिंह भेंट किया। समारोह में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व प्रसाद की उचित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में प्रधान कुलप्रकाश बंटी के अलावा, जितेंद्र गुप्ता अनिल तनेजा, व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### चेतन भुटानी व कृष्ण गाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**बरवाला।** श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल के तत्वावधान में वार्ड नंबर 17 श्री शिव मंदिर के समीप श्री श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया गया। युवा समाजसेवी नंदलाल वर्मा ने बताया कि इस संकीर्तन में बाल कलाकार चेतन भुटानी और हिसार से आए भजन कलाकार कृष्ण गाबा ने अपनी -अपनी मधुर वाणी से श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और इन भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुगण झूम उठे। इस दौरान फूलों की वर्षा भी की गई। आरती के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्याम लाल वर्मा, कपिल सिंगला, दिनेश गोयल, अनंत अग्रवाल, संजीव गोयल, अमित भूटानी, राकेश कांसल, कौशल शर्मा, सुमित सिंगला, अमित गोयल, आशीष सिंगला, साहिल जैन व वरुण सिंगला समेत सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# शादी में गया था परिवार, पीछे से गहने व नगदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर की हनुमान कालोनी स्थित एक बंद आवास से लाखों रुपए के आभूषण व करीब 90 हजार रुपए की नगदी व अन्य सामान चुराकर ले गए वारदात के समय परिवार अपनी रिश्तेदारी में आयोजित एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए बरवाला गया हुआ था। परिवार को चोरी की वारदात का पता विवाह समारोह से घर लौटने के बाद चला।

सिसाय पुल चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर केस दर्ज किया। नेहरू कॉलेज रोड़ स्थित हनुमान कालोनी निवासी बाबूलाल ने बताया कि वह 17 अक्टूबर को अपने परिवार सहित अपने साले की लड़की की शादी में शामिल होने के लिए अपने घर को अच्छी प्रकार से बंद कर के बरवाला गया था। शादी सम्पन्न होने के दो दिन बाद 19 अक्टूबर की शाम घर आए तो दरवाजा खोलने पर अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। कमरे में रखी संदूक में रखी 90 हजार रुपये, दो सोने की तबीजी, एक सोने का ओम लॉकेट, दो जोड़ी सोने की कानों की बालियां करीब 100 ग्राम चांदी की पाजेब, दो चांदी के मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी के बच्चे के कड़ले, 20-22 नए लेडीज सूट गायब मिली।

### छत के रास्ते घर में घुसे

बाबूलाल ने बताया कि चोरों ने छत के रास्ते से घर में प्रवेश कर इस चोरी को अंजाम दिया है। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि सूचना दिए जाने के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची व परिजनों से पूछताछ व चोरी की वारदात के मोबाइल फोन फोटो लेकर चली गई। उनकी कालोनी में काफी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं लेकिन पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज को चैक नहीं किया गया हैं।

### मंदिर के आठ दानपातत्रों से चोरी, एक दानपात्र ले गए

चोर शुक्रवार रात को हांसी अनाज मंडी में बनाए गए शिव मंदिर में रखे आठ दानपात्रों के ताले तोड़कर उनमें रखी नगदी चुरा कर ले गए, जबकि एक बड़े दानपात्र को उठाकर ले गए। सूचना मिलने पर अनाज मंडी चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शिव मंदिर के प्रधान अनाज मंडी निवासी सत्यवान मित्तल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मंदिर प्रधान सत्यवान मित्तल ने कहा है कि अनाज मंडी के आढ़तियों द्वारा पूजा अर्चना के लिए मंडी में शिव मन्दिर बनाया हुआ है और मै शिव मंदिर का प्रधान हूं। सत्यवान ने बताया कि 18 अक्टूबर शाम पुजारी मंदिर को अच्छी प्रकार से बंद कर घर चला गया था और जब वह सुबह मंदिर पहुंचा तो देखा कि रात के समय में कोई अज्ञात चोर मंदिर में रखे 8 दानपात्रों के ताले तोड़ कर उनमें रखी करीब 3-4 हजार रुपए नगदी चुरा कर ले गए। तथा मंदिर का मुख्य व बड़ा दान पात्र अपने साथ उठा ले गये तथा मंदिर में लगे एसी की बाहर की तार भी उखाड़ कर ले गये।

# अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक, 27 को जिला सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



बैठक में उपस्थित अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में संघ कार्यालय में हुई। जिला सचिव पवन कुमार के संचालन में हुई बैठक में राज्य उप प्रधान अलका विशेष रूप से शामिल हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा ने बताया कि संगठन का जिला सम्मेलन 27 अक्तूबर को हिसार के पटवार भवन में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला की तीन वर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्य उपप्रधान अलका ने बताया कि हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ शिक्षा और शिक्षकों की भलाई के लिए काम करने वाला संगठन है। भविष्य में सार्वजनिक शिक्षा को बचाने व वंचित तबके तक शिक्षा पहुंचाने के लिए अध्यापक संघ प्रयास करता रहेगा।

# एसडी कन्या स्कूल में एक दिवसीय एनएसएस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने स्वेच्छा से विद्यालय के प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया और पौधों की निराई गुड़ाई, छंटाई और कटिंग का कार्य किया और पेड़ पौधों को पानी दिया और साथ ही स्वयं सेविकाओं ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम अधिकारी अनीता रानी ने स्वयं सेविकाओं से कहा कि हमें अपने आसपास के पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना जरूरी है। यह हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने और जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने स्वयं सेविकाओं के द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए बताया कि पौधारोपण हम सब की जिम्मेवारी है ।हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पर्यावरण स्वच्छ है, तभी जीवन स्वस्थ है। पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ आज हमें भी मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। विद्यालय अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, प्रबंधक समिति के सदस्य चंद्रभान गर्ग, प्रकाश चंद्र बंसल, नकुल कुमार अग्रवाल, रजत कुमार अग्रवाल ने संबोधित किया।



**हांसी।** एनएसएस शिविर में विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाती स्वयं सेविकाएं।

# आठ दिवसीय योग विज्ञान शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार





पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान की ओर से चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से आयोजित 8 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह का आयोजन हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान हिसार के प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र हिंदुस्तानी ने सभी उपस्थित योग साधकों को योग, प्राणायाम, और ध्यान करवाते हुए उनकी बारीकियो से अवगत करवाते हुए योग के नियमित अभ्यास में आने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला और जीवनशैली सुधारने के महत्व पर जोर दिया और खान-पान के स्वस्थ विकल्पों की सही दिनचर्या अपनाने पर विस्तृत से चर्चा की गई। योग शिविर में 21 कुंडीय हवन यज्ञ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसे मांगेराम कारेल ने विधिवत संपन्न करवाया। पतंजलि समिति के प्रभारी वीरेंद्र बडाला ने उपस्थित साधकों को जोगिंग और विभिन्न योग अभ्यास करवाए, जिससे सभी को ऊर्जा और उत्साह की अनुभूति हुई। भारत स्वाभिमान, हिसार के प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने भजनों का सुमधुर गायन किया जिससे उपस्थित सभी योग साधक मंत्रमुग्ध हो गए। भारत स्वाभिमान के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य का मार्गदर्शन भी सभी को प्राप्त हुआ। योग शिविर ने लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और योग के महत्व को समझाने में विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अनसूचित जाति में छतीस जातियों के वर्गीकरण का लाभ दिया : बहादुर सिंह

- सरकार ने डीएससी समाज को दीपावली का तोहफा दिया : रोशन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की ओड धर्मशाला में डीएससी समाज के लोगों के गणमान्य व्यक्तियों ने बैठक करके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अनूसूचित वर्ग की छतीस जातियों को आरक्षण का लाभ दिए जाने का स्वागत किया गया। इन संगठनों ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से आरक्षण वंचित छतीस जातियों को आरक्षण का लाभ पूरा मिलेगा। सेवानिवृत अधिकारी रोशनलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अनूसूचित जाति वर्गीकरण का बडा फैसला दिया है जो कि हरियाणा सरकार का ऐतिहासिक व सहानीय कदम है।

वे सब भाजपा के शीर्ष नेताओ को आभार व्यक्त करते है सरकार ने हमारे समाज को दीपावली का बडा तोफहा दिया है। ओड समाज के हरियाणा के अध्यक्ष बहादुर सिंह नंगथला ने कहा कि नायब सैनी ने 25 हजार कर्मचारियों को ज्वाइन करवाया और वर्गीकरण का फैसला उनके समर्थन में दिया है। वर्गीकरण से हरियाणा के लाखों को नौकरियों में लाभ मिलेगा।

इस मौके पर सेवानिवृत अधिकारी रोशनलाल, ओड समाज के अध्यक्ष बहादुर सिंह, लक्ष्मण सिंह मंगाली, सतपाल, रोहित, चंदूलाल ठेकेदार, दिलबाग, दिनेश कुमार, महेद्र सिंह मंगाली, राकेश तेजपाल, रणजीत सिंह, डा. जगदीश, राजू सुलखनी विक्रम सिंह, नरेद्र कुमार राजू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



ओड धर्मशाला में आयोजित बैठक में गणमान्य व्यक्ति।

# अभ्युदय ने संभाला आईसीसी उपाध्यक्ष का पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने अपने हाई-प्रोफाइल वार्षिक पूर्ण अधिवेशन में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल को आईसीसी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लिया और उद्योग जगत की 200 से अधिक हस्तियों, सरकारी प्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों को संबोधित किया। इस अवसर पर 100 साल पुराने अग्रणी नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स आईसीसी ने दिग्गज अभिनेत्री व पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती शर्मिला टैगोर को भारतीय फिल्म व मनोरंजन उद्योग में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया। मंत्री पीयूष गोयल ने अभ्युदय जिंदल को आईसीसी का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं के नेतृत्व के महत्व का जिक्र किया। श्री गोयल ने कहा कि आईसीसी को विभिन्न स्टार्टअप के साथ जुड़ाव को मजबूत बनाने, महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप ईको-सिस्टम बेहतर बनाने की जरूरत है। आईसीसी को भारत के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। आईसीसी से भारत को वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाने का आग्रह किया।




अध्यक्ष बनने पर अभ्युदय जिंदल को सम्मानित करते मंत्री पीयूष गोयल।

### व्यवसायिक तरीके अनपाने को प्रतिबद्ध

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक के रूप में उन्होंने कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला और परिचालन क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, वह कंपनी को कहीं अधिक गतिशील, उत्तरदायी, भविष्य सूचक, स्थिर और साधन-संपन्न बना रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत में दृढ़ विश्वास रखने वाले श्री जिंदल सामुदायिक विकास और स्थायी व्यावसायिक तौर तरीके अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिंदल के गतिशील नेतृत्व और चौंबर तथा भारतीय विनिर्माण उद्योग के प्रति प्रगतिशील दृष्टिकोण से काफी लाभ होगा। इस सत्र में आईसीसी के नए अधिकारियों का परिचय भी कराया गया। बृजभूषण अग्रवाल ने आईसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पदभार संभाला।

## खबर संक्षेप



### मास्टर रामस्वरूप प्रधान रोहतास शर्मा सचिव बने

**नारनौंद।** कस्बे में भगतसिंह पुस्तकालय में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नारनौंद का त्रिवर्षीय चुनाव हुआ। यह चुनाव जिला प्रधान ओमप्रकाश सैनी तथा जिला सचिव सयोचनद घोड़ेला की अध्यक्षता में हुआ। सभी पदों पर चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इसमें मास्टर रामस्वरूप को प्रधान तथा रोहतास शर्मा को सचिव बनाया गया। बदन सिंह को कोषाध्यक्ष, सतवीर पेटवाड़ को उप प्रधान, मदनलाल व महेंद्र सिंह को सह सचिव के पद पर चुना गया। सत्यवीर लोहान, मास्टर दयानंद, राजेंद्र सिंह और कृष्ण को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मास्टर चंद्र प्रकाश को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया नवनिर्वाचित सदस्यों व पदाधिकारियों को प्रधान ओमप्रकाश सैनी ने शपथ दिलाई।



### पोस्टर में मानसी व वाद विवाद में ऋषभ विजेता

**आदमपुर।** आदमपुर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की खाद्य तकनीकी विभाग में वल्ड फूड डे मनाया गया। इस दौरान विभाग में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'फूड वर्सेस अनप्रोसैस्ड फूड रहा। प्रतियोगिता में ऋषभ राठौर, प्रीतम व अथर्व की टीम ने कंपटीशन में जीत हासिल की पोस्टर मेकिंग में मानसी ने प्रथम, हिमांशु व सन्नी वर्मा द्वितीय एवं रोशनी, मनीष दलाल व सपना ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। विभाग के कार्यवाहक विभागीय अध्यक्ष वेदपाल यादव ने विद्यार्थियों को फूड डे के बारें में जानकारी दी। प्राध्यापक बंसीलाल ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### स्वीपर्स यूनियन ने वीसी का जताया आभार

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्वीपर्स यूनियन (सफाई कर्मचारी संघ) की बैठक संघ कार्यालय में प्रधान कालू राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिमसें हकृवि में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के निर्देशों पर विश्वविद्यालय स्तर पर तपस्वी, सृष्टिकर्ता, महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन करने के ऐतिहासिक कार्य पर खुशी जाहिर करते हुए वाल्मीकि समाज व सफाई संघ ने कुलपति का आभार जताया गया। प्रधान कालूराम ने कहा कि कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के नेतृत्व में पिछले दिनों क्लर्क से सहायक व जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर, कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक की जो पदोन्नतियां की गई हैं।

---

मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व डॉ. प्रतिभा गुप्ता हुए शामिल

# भाविप केशव शाखा ने करवा चौथ पर आयोजित किया डांडिया महोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत विकास परिषद्, केशव शाखा परिवार की ओर से करवाचौथ एवं डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष कमलेश गर्ग की अध्यक्षता में कार्यक्रम भव्यतापूर्ण हुआ। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा एवं संचालन शाखा की महिला शक्ति ने किया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत परम्परा अनुसार मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व डॉ. प्रतिमा गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। डॉ. मुदिता वर्मा इसमें विशिष्ट अतिथि रही। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने आयोजन पर सभी उपस्थित मातृशक्ति को करवाचौथ की शुभकामनाएं दी और केशव शाखा परिवार को अपना परिवार बताया। उन्होंने कहा कि केशव शाखा द्वारा इस प्रकार के संस्कारपूर्ण आयोजन वर्तमान संतति को अपने सांस्कृतिक मूल्यों को जानने समझने महती भूमिका निभाते है। केशव शाखा द्वारा राष्ट्र धर्म समाज हितार्थ कार्यों की सराहना की। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने उपस्थित मातृशक्ति को करवाचौथ की बधाई दी।







हिसार। भाविप केशव शाखा के कार्यक्रम में प्रस्तुति देती महिलाएं व उपस्थित अतिथि।

### सेवा भारती के उत्पाद रहे आकर्षण का केंद्र

केशव शाखा की महिला संयोजिका सविता जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के 15 स्टॉल अपने ही शहरवासियों द्वारा लगाए गए, जिनमें विशेष आकर्षण सेवा भारती संस्थान के स्वनिर्मित उत्पादों का रहा। कार्यक्रम में केशव शाखा परिवार से 450 सदस्य उपस्थित रहे। विभिन्न प्रकार की नृत्य प्रतियोगिताओं, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता के साथ साथ, संगीतमई तंबोले का आयोजन किया गया एवं एक छोटे से बच्चे द्वारा हनुमानजी महाराज की वंदना करते हुए श्री हनुमान चालीसा पर मनमोहक नृत्य ने प्रभु भक्ति से साक्षात्कार करवाया।

### प्रधान ने उद्देश्यों पर डाला प्रकाश

केशव शाखा अध्यक्ष मुकेश बंसल ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। शाखा सचिव दीपक गौतम ने शाखा द्वारा समाज कल्याण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों से संक्षिप्त रूप में अवगत कराया।



हिसार। दीवार पर पेंटिंग अभियान चलाते संस्था के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# करवा चौथ: पीएलए चौकी की दीवार को चमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

करवा चौथ पर्व के शुभ दिन पर 'हमारा प्यार-हिसार' के सदस्यों ने पीएलए पुलिस चौकी की दीवार पर टेराकोटा पेंट करके उसे सुंदर रूप दिया। यह दीवार लंबे समय से उपेक्षित हालत में पड़ी थी। संस्था के अनुरोध पर नगर निगम ने कल यहां पेड़ों की छंगाई करवा दी थी। अब इस दीवार पर सुंदर कलाकृतिया बनाई जाएगी। कैमरी रोड पुलिया की दीवार पर भी पेंटिंग अभियान जारी रहा। अभियान में सुशील खरींटा, प्रो. हरीश भाटिया, राजेंद्र गहलोत, कमल भाटिया, डॉ. राज वर्मा, ममता छाबड़ा, दिनेश बंसल, मंजू पूनिया, जितेंद्र बंसल, विजय कादियान, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र सैनी, रमेश वर्मा, विक्रम मित्तल, गगन मेहता, संजय मारवाड़ी, दीपक परवाल, प्रवीण अग्रवाल, अनुराग महेश्वरी, रश्मि मेहता, अशोक गहलोत, साहिल गिरधर, शशि कुमार, पूर्वी बंसल, रोहित, मन्नत, पारस, दिशा, राघव, रिमछा, इप्शित, अभिमन्यु पूनिया, यजत, हितिषा, कैफी, मेघा, रिया व सैफी शामिल हुए।



हिसार। करवा चौथ पर कथा सुनती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

# महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना

- सूर्यदेव को अर्क देकर सुनी कथा, बड़ों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिलेभर में करवा चौथ का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा और सूर्य देव को अर्क देकर कथा सुनी। महिलाओं ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। शहर के स्मृति वन पार्क में हरियाणवी रिवाज समिति की ओर से करवा चौथ पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बड़ों ने आशीर्वाद दिया कि अखंड सौभाग्यवती रहो। मांग में सिंदूर सजे, माथे पर बिंदिया चमके, मेहंदी रची हाथों में चूड़ियां खनके, पांव में पायल छनके, चांद का दीदार हो, साथ में जीवन साथी हो, हे चौथ माता सभी पर अपनी करुणामई दृष्टि बनाए रखना, सभी के परिवार हरे भरे रहें। इस दौरान महिलाओं ने डांस कियाा और भगवान के भजन किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरियाणवी रिवाज समिति अध्यक्ष कांता हुड्डा के अलावा सुनीता, सुदेश, संतोष, रोशनी, अलका गाट, पुष्पा बेनीवाल, बाला, सुनीता सिट्टीहरट, नीलम, पूजा, सुमन, मीना, संतोष शर्मा, पूजा शर्मा, अर्चना, सीमा, वर्षा, रेखा, गीता हुड्डा, गायत्री, मंजू, आदि बहुत सी महिलाएं मौजूद रही।

### छलनी से किया दीदार

बरवाला में सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा व हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार मनाया। देर शाम को छलनी में चांद के और अपने-अपने पति के दीदार किए। इस व्रत के दिन कपड़ों, रेडीमेड कपडो, जनरल स्टोर, सुनारों व मिठाई बेचने वालों की दुकानों पर काफी भीड़ रही। दो-तीन दिनों से मेहंदी लगाने वालों और ब्यूटी पार्लर पर भी सुहागिनों की काफी भीड़ रही। इसी तरह जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने करवा चौथ उत्साह से मनाया। शहर के उत्तम नगर, मोहल्ला सैनियान, अर्बन एस्टेट, मिलगेट क्षेत्र के अलावा आदमपुर, उकलाना व हांसी सहित अन्य क्षेत्रों में भी करवा चौथ पर महिलाओं ने कथा सुनी व आशीर्वाद लिया।

---

# भाजपा दफ्तर में सुंदर कांड का पाठ

- सुंदर कांड पाठ के गुणगान से भगवान श्री राम होते प्रसन्न, वीर बजरंग बलि करते कृपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रदेश में तीसरी बार भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनने के उपलक्ष्य में प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि के लिए भाजपा जिला कार्यालय में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें श्री हनुमान बुधला संत मंदिर की टीम ने भगवान श्री राम एवं वीर बजरंग बलि की स्तुति की। भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को आयोजित सुंदर कांड पाठ कार्यक्रम में श्री हनुमान बुद्धला संत मंदिर से सुभाष आहुजा, टीनू, राजकुमार सेहतिया एवं प्रेम असीजा ने सुंदर कांड पाठ व बाबा का गुणगान करते हुए पार्टीजनों एवं अन्य श्रद्धालुओं को इसके महत्व से अवगत करवाया। सुंदर कांड पाठ के गुणगान, मनन व चिंतन से भगवान श्री राम प्रसन्न होते हैं और वीर बजरंग बलि की कृपा बरसती है। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने पार्टी की ओर से सुंदर कांड पाठ कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डाला।



हिसार। भाजपा जिला कार्यालय में सुंदरकांड पाठ करते मंदिर की टीम व उपस्थित पार्टीजन। फोटो: हरिभूमि

# एनएसएस की रचनात्मक पर्यावरण अनुकूल पहल

- स्वयंसेवकों ने पुराने टायरों से तैयार किए सजावटी पौधों के लिए गमले

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर के एनएसएस स्वयंसेवकों की ओर से एनएसएस इकाई ने एक रचनात्मक और पर्यावरण-अनुकूल पहल की है। इसके तहत सह समन्वयक पारुल शर्मा के निर्देशन में पुराने टायरों का पुनः उपयोग करके परिसर को सुंदर बनाने के लिए एक अनूठी परियोजना शुरू की गई। इस गतिविधि का उद्देश्य स्थिरता को बढ़ावा देना और कचरे को कम करना है। बेकार पड़े टायरों को सजावटी पौधों के गमलों में बदलना शामिल है।

जिससे उन्हें नया जीवन मिल सके। प्रक्रिया पुराने टायरों के संग्रह से शुरू हुई। स्वयंसेवकों ने टायरों को जीवंत रंगों और रचनात्मक डिजाइनों से सजाकर, उन्हें आकर्षक पौधों के गमलों में बदलकर अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इन रंगीन टायर गमलों का उपयोग परिसर के चारों ओर विभिन्न स्थानों को सजाने, हरियाली को बढ़ाने और पर्यावरण में सौंदर्यपूर्ण स्पर्श जोड़ने के लिए किया गया।




आदमपुर। पुराने टायरों को सजाने में लगे स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### सौंदर्यकरण में योगदान

प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने कहा कि यह पहल न केवल संस्थान के सौंदर्यीकरण में योगदान देती है, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए सामग्रियों को पुनर्चक्रित करने और पुनः उपयोग करने के महत्व के बारे में जागरूकता भी बढ़ाती है। अपशिष्ट उत्पादों का पुनः उपयोग करके, एनएसएस स्वयंसेवक एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं कि कैसे रोजमर्रा की वस्तुओं का रचनात्मक तरीके से पुनः उपयोग करके स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पहल में निशा, मनीषा, प्रतिमा, जावित्री, अंजलि, स्वेता, अंकित, अंकित, शुभम, करुण, राजेश व जतिन स्वंसेवकों का योगदान रहा।

---

# मानसिक शांति का मार्ग संजीवनी ध्यान

- कौशिक नगर के साधना केंद्र में आचार्य दिनेश ने दिए प्रवचन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित संडे ध्यान में आचार्य दिनेश ने संजीवनी ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि संजीवनी ध्यान का अर्थ होता है 'जीवन का समर्थन' या 'जीवन की ऊर्जा का संग्रह'। यह एक प्रमुख ध्यान पद्धति है, जो साधकों को मानसिक शांति, आत्मा का समर्थन और आध्यात्मिक उन्नति की की दिशा में मार्गदर्शन करती है। इस ध्यान पद्धति का उद्दीपन मुख्य रूप से भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से हुआ है और यह ध्यान साधने वाले को शांति, सुख, और समृद्धि की प्राप्ति का उत्कृष्ट अनुभव करने का उद्देश्य रखता है। यह ध्यान विभिन्न आसन, प्राणायाम, मुद्राएं और मन को नियंत्रित करने के तकनीकों का समाहित मिश्रण है। साधक इस ध्यान के माध्यम से अपने मन को नियंत्रित करता है और आत्मा के साथ संयोजन प्राप्त करता है। इस ध्यान पद्धति में मुद्राएं भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुद्राएं हाथ, आंख और शरीर के विशिष्ट स्थानों के विशेष आसनों को कहा जाता है, जो मानव शरीर की ऊर्जा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। संजीवनी ध्यान का प्रशिक्षण ध्यान गुरुओं द्वारा दिया जाता है।




हिसार। कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में भाग लेते साधक। फोटो: हरिभूमि

### घर-घर पहुंचना उद्देश्य

ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने साधकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि ओशोधारा के कार्यक्रम वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से प्रमाणिक है और ध्यान को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर सप्ताह पूरे देश में ध्यान योग का कार्यक्रम तय किया गया है और 25 से 27 अक्टूबर को तीन दिवसीय ध्यान योग के कार्यक्रम का पूरे देश में एक साथ 30 जगहों पर आयोजन किया जाएगा।

# तीन माह पहले तोड़ी गई आदमपुर अग्रोहा रोड नहीं बनने से यात्रियों को हो रही परेशानी

## आगे से आगे 15 किलोमीटर तक तोड़ा जा रहा रास्ता

- 50 मिनट में तय हो रहा 15 मिनट का रास्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

लगभग तीन माह पहले नई सड़क बनाने के नाम पर तोड़ी गई आदमपुर अग्रोहा रोड अब तक न बनने से आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। काली रावण के कुलदीप, महेंद्र सिंह, सतवीर, रामकुमार, राजकुमार तथा खासा महाजन के मोहन राय कोहली के नीलू राय, सुरेश, सतबीर, नरेंद्र व सुरेंद्र अनिल आदि ने बताया कि इस सड़क को तीन माह पहले तोड़ा गया था लेकिन इसे बनाने की बजाय इस सड़क को पांच किलोमीटर से लेकर 15 किलोमीटर तक आगे से आगे तोड़ा जा रहा है। सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चलाना मुश्किल हो रहा हैं, हर दम दुर्घटना का भय बना रहता हैं। आलम यह है कि इस 15 मिनट के रास्ते को पार करने के लिए 40 से 50 मिनट लग रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन ठेकेदार सड़क बनाने की बजाय आगे से आगे तोड़ता जा रहा हैं। ग्रामीणों में आदमपुर के जनप्रतिनिधियों ने यह सड़क तुरंत बनाने की मांग की है ताकि परेशानी से बचा जा सके। इसके अलावा आदमपुर में जवाहर नगर के लोगों व मंडी आदमपुर शहर की तोड़ी गई सभी सडकें तुरंत बनाने की मांग की हैं। इनका कहना है कि इन सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। वाहन चलाना तो दूर की बात है, कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन एवं भाजपा नेताओं से इस सड़क को तुरंत बनवाने की मांग की है ताकि परेशानी से बचा जा सके।

---

### बास अनाज मंडी में खड़े ट्रक से डीजल चोरी, सीसीटीवी में कैद

**हांसी।** अज्ञात चोर बास गांव की अनाज मंडी में खड़े एक ट्रक से डीजल तेल चुराकर ले गया। चोरी की यह घटना अनाज मंडी की दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। ट्रक मालिक ने बास थाना पुलिस को ट्रक से डीजल चोरी किए जाने की शिकायत दी है। पुलिस ने ट्रक मालिक वीरेन्द्र मोर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वीरेंद्र मोर ने बताया कि वह बास खुर्द गांव का रहने वाला है और जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टर ट्राली से ट्रांसपोर्ट का काम करता है। और मैने बास अनाज मंडी में अपना ऑफिस बना रखा है। मेरे पास बहुत से वाहन हैं जिनको मैं बास अनाज मंडी में अपने वाहनों को खड़ा करता हूं। पिछले काफी समय से बास की अनाज मंडी में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। अनेक दुकानों से सामान व वाहनों से तेल चोरी हो रहे हैं।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 9315429403, 9253681005

24 अक्टूबर तक ब्रह्मोत्सव, सुबह-शाम रोज निकलेगी सवारी

# शेष वाहन व गरुड़ की सवारी से श्रद्धालु धन्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों के पोषक श्री तिरुपति बालाजी धाम में चल रहे ब्रह्मोत्सव में श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है। ब्रह्मोत्सव के दौरान सायंकाल विशाल व कई क्विंटल वजनी शेष वाहन पर भगवान जी की सवारी निकाली गई। पूरे विधि-विधान से अर्चकों ने भगवान के विग्रह को शेष वाहन पर विराजमान किया और मंत्रोच्चारण के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान का अद्भुत श्रृंगार देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। पूरा तिरुपति धाम भगवान वेंकटेश की जय, श्री तिरुपति बालाजी की जय व जय श्रीमन्ननारायण के उदघोष से गूंज उठा। तिरुपति धाम में 24 अक्टूबर तक ब्रह्मोत्सव चलेगा। यहां हर रोज सुबह व सायं सवारी निकाली जा रही हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन प्रातःकाल हवन-यज्ञ, विभिन्न प्रकार के द्रव्यों से भगवान का दिव्य अभिषेक, नाम संकीर्तन, भोग, आरती व गोष्ठी प्रसाद वितरण का विधान पूरा किया जा रहा है।



हिसार। श्री तिरुपति धाम में चल रहे ब्रह्मोत्सव में शेष वाहन की सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

### शहर के अलग अलग हिस्सों में दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

तिरुपति धाम के ब्रह्मोत्सव में 21 अक्टूबर को सवारी शोभा यात्रा हिसार शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचेगी और श्रद्धालुओं को भगवान के स्वरूप के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। 21 अक्टूबर को सवारी प्रातः 10 बजे सेक्टर-14 स्थित बुधला संत मंदिर पहुंचेगी। यहां दर्शन देने के उपरांत प्रातः 11 बजे सवारी नई अनाज मंडी के लक्ष्मी नारायण मंदिर, दोपहर 12 बजे नागोरी गेट स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, दोपहर 1.30 बजे ग्रीन पार्क स्थित श्री हनुमान मंदिर और दोपहर 2.30 बजे मॉडल टाउन स्थित श्री संतोषी मंदिर में पहुंचेगी। यहां श्रद्धालुओं को दर्शन देने के उपरांत सवारी वापस अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम पहुंचेगी। इसी कड़ी में 22 अक्टूबर को प्रातः दिव्य व भव्य रथ की सवारी देखने का अवसर मिलेगा। इस रथ में श्री तिरुपति बालाजी और माता लक्ष्मी जी के दिव्य स्वरूप के दर्शन होंगे।

### बाइक की टक्कर से सब्जियां विक्रेता की मौत

**फतेहाबाद।** गांव ढाणी ईसर के पास एक मोटरसाइकिल ने स्कूटी में टक्कर दे मारी। इस हादसे में स्कूटी पर सब्जियां बेचने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धान की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक